प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / सीमा / 9.20 बजे

....

रंगों का त्यौहार होली आज देश सहित पूरे प्रदेश में पारंपरिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। शहर के हर कोने में इस त्योहार को लेकर उत्साह और उमंग दिखाई दे रहा है। यह त्यौहार वसंत ऋतु के आगमन और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह एकता और सद्भावना को बढ़ावा देता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने होली पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने संदेश में कहा कि यह त्यौहार खुशियां और उत्साह लेकर आता है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत और वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। सोशल मीडिया पर पोस्ट में उन्होंने कहा कि हर्ष और उल्लास से भरा यह त्यौहार सभी के जीवन में नया उत्साह और ऊर्जा लेकर आएगा तथा देशवासियों में एकता के रंग को और मजबूत करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हर्षोल्लास और आनन्द से भरा यह त्योहार सभी के जीवन में नया उत्साह और ऊर्जा लाएगा।

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी इस अवसर पर प्रदेशवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

.....

होली पर्व को लेकर प्रदेश भर के बाजारों में खूब रौनक देखने को मिल रही है। इस बार कैमिकल युक्त रंगों के बजाय इको फ्रेंडली और आर्गनिक रंगों को लोग ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इसी कड़ी में सोलन जिले के अर्की में राष्टीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए प्राकृतिक रंग लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं।

इधर किन्नौर जिला के सांगला गांव में 3 दिवसीय होली उत्सव का आज अन्तिम दिन है। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी आज जिला स्तरीय होली उत्सव में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे । इस उत्सव में होली सिर्फ रंगो से नहीं, बल्कि कथा संगीत व नृत्य के अनोखे संगम से मनाई जाती है । होली उत्सव नाग देवता श्री बैरिङ्ग नाग जी के मन्दिर से शुरू होकर पारम्परिक वाद्य यन्त्रों के साथ एक भव्य शोभा यात्रा निकाली जाती है जिसमे रामायण के पात्रों का जीवंत नाट्य प्रदर्शन किया जाता है।

....

प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के अंतर्गत चम्बा जिला की सभी ग्राम पंचायतों में योजना को परिपूर्ण करने के लिए 19 हजार 81 पात्र परिवारों का सर्वेक्षण के माध्यम से चयन कर लिया गया है और बाकि के कार्य को भी 31 मार्च तक संपन्न करवा लिए जाएगा।

....

दुनिया की सबसे बड़ी घरेलू सौर ऊर्जा पहल–पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ने 10 लाख लाभार्थियों के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। पिछले वर्ष फरवरी में शुरू हुई इस पहल के अंतर्गत छह लाख से अधिक लाभार्थियों को सब्सिडी के रूप में चार हजार सात सौ 70 करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्रदान की गई है।

....

और अब सुर्खिया समाचार पत्रों से.........

आज सभी समाचार पत्रों ने आर्थिक सर्वेक्षण के अनुमानों से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। दिव्य हिमाचल और हिमाचल दस्तक के एक जैसे शब्द हैं– 22 हजार 430 रूपये बढ़ी प्रति व्यक्ति आय।

अमर उजाला मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–हिमकेयर की होगी जांच, मंदिरों का पैसा योजनाओं में नहीं लगेगा। पंजाब केसरी के शब्द हैं–हिमकेयर योजना का होगा ऑडिट, सदन में हंगामा।

दैनिक भास्कर ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है– सुजानपुर में पूर्व सैनिकों के लिए खुलेगा ईसीएचएस अस्पताल।